न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर,सवाईमाधोपुर
पीठासीन अधिकारी–श्री बलदेवसिह हाडा

...संख्या 944/10 तारीख रजू– 11/05/2010

...पुत्र नगेश मीना निवासी ढाणी सवाईगंज ग्राम ईसरदा तहसील चौथ का बरवाडा।
----- अपीलार्थी

बनाम

...जरिये तहसीलदार,चौथ का बरवाडा। ------ रेस्पो0

निर्णय दिनांक–04/06/2015

...अपीलार्थी ने यह अपील राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,1956 की धारा 75 के अन्तर्गत ...तहसीलदार,चौथ का बरवाडा द्वारा मिसल संख्या 912/0.9 मे पारित आदेश दिनांक 25/02/10 के ...प्रस्तुत की है जिसके द्वारा अपीलार्थी को ग्राम ईसरदा की आराजी खसरा नम्बर ...1209, 1205, 1210,1212 कुल किता 4 रकवा 1.23 हैक्टर किस्म गै0मु0तालाब पर संवत ...मे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर कब्जा काश्त करने का कर्ता मानकर भूमि से बेदखल ...करने, अर्थदण्ड स्वरूप शास्ति आरोपित करने, फसल जब्त कर नीलामी के साथ साथ ...अपीलार्थी को पश्चातवर्ती अतिचारी मानते हुए सिविल कारावास की सजा के दण्ड से दण्डित करने ...आदेश पारित किया गया हैं।

...अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी की तलबी जरिये नोटिस की गई तथा ...अपीलाधीन आदेश संबंधी अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली तलब की गई। रेस्पो0 की ओर से ...राजकीय पेरोकार उपस्थित आये तथा अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली प्राप्त नही होने पर मोका ...सुनवाई गई व बहस उभय पक्ष सुनी गयी।

...विद्वान वकील अपीलार्थी ने अपील मे वर्णित तथ्यो का हवाला देते हुए बहस मे तर्क दिया कि ...अधीनस्थ न्यायालय खिलाफ कानून व रूएदाद मिसल होने के कारण निरस्त किये जाने योग्य ...विवादित आराजीयात पर अपीलार्थी का कभी कब्जा काश्त नही रहा है पटवारी हल्का ने बिना ...निरीक्षण किये हुए कयास मात्र के आधार पर अतिक्रमण की झूठी रिपोर्ट पेश करदी है जिसकी ...हेतु अपीलार्थी को नोटिस व समय भी नही दिया गया है। विद्वान वकील अपीलार्थी ने बहस ...मे भी कथन किया कि अधीनस्थ न्यायालय ने अपीलार्थी को अतिक्रमित आराजी पर संवत 2065 ...मे अतिचारी माना है जबकि पूर्व मे अतिचार बाबत अपीलार्थी को कभी कोई नोटिस नही दिया है। ...वकील अपीलार्थी ने बहस मे यह भी कथन किया कि पटवारी हल्का ने अपीलार्थी के विरूद्व ...अतिक्रमण की रिपोर्ट व बयान मे संवत 2065 मे भी अतिक्रमण करना बताया है जबकि पूर्व वर्ष संवत ...मे किये गये अतिक्रमण बाबत अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली मे कोई दस्तावेज उपलब्ध नही ...इस कारण से अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलार्थी को अतिक्रमित आराजी पर पश्चातवर्ती ...अतिचारी माना जाकर पारित उक्त अपीलाधीन निर्णय निरस्त किये जाने योग्य है। अतः अपील ...अपीलार्थी स्वीकार की जाकर अदालत मातहत का निर्णय निरस्त किया जावें।

...विद्वान राजकीय पेरोकार ने बहस मे तर्क दिया कि अपीलार्थी ने अदालत मातहत द्वारा ...25/02/10 को पारित निर्णय की अपील 29/04/10 को प्रस्तुत की है तथा विलम्ब से प्रस्तुत ...करने का कोई समुचित कारण अंकित नही किया है। अतः अपील अपीलार्थी मियाद बाहर होने के ...कारण निरस्त होने योग्य है। विद्वान राजकीय पेरोकार ने बहस मे यह भी तर्क दिया कि आदेश जेरे ...अपील पारित करने से पूर्व सुनवाई सबूत का अवसर दिया है तथा पश्चातवर्ती अतिचार के कम मे

...जिला कलेक्टर
...सवाई माधोपुर

944/10

जांच करने के उपरान्त ही आदेश पारित किया है जिसमे कोई अनियमितता नही है। अतः अपीलार्थी खारिज की जावें।

विद्वान वकील अपीलार्थी व पेरोकार राज की बहस सुनने तथा अपीलार्थी द्वारा अपील मे लगाये व अपीलाधीन आदेश संबंधी पत्रावली का अवलोकन करने के पश्चात हम इस निष्कर्ष पर पहुचे है कि अदालत मातहत की पत्रावली प्राप्त नही होने पर अदालत मातहत से कब्जा रिपोर्ट मांगने पर पत्राक राजस्व/14/152 दिनांक 15/07/14 से पटवारी,भू–अभिलेख निरीक्षक से रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिसमे अपीलार्थी का अतिक्रमित आराजीयात पर कब्जा होना नही बताया है वर्तमान मे पानी भरा होना तथा खाली होना बताया है। वकील अपीलार्थी ने भी बहस के दौरान अतिक्रमित आराजी पर वर्तमान मे कोई कब्जा काश्त नही होना बताया है। अतः उपरोक्त उनके कथन के आधार पर वर्तमान कब्जे संबंधित जॉच अदालत मातहत से करवाया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है बेदखली,शास्ति व फसल जब्त कर नीलामी का आदेश तो यथावत रखा जाता है तथा सिविल कारावास के बिन्दु पर प्रकरण तहसीलदार,चौथ का बरवाडा को इस निर्देश के साथ वापस किया जाता है कि यदि वर्तमान मे अपीलार्थी का अतिक्रमित आराजी पर अतिक्रमण पाया जाये तो अपीलाधीन निर्णय मे अपीलार्थी के विरूद्व पारित सिविल कारावास की सजा को यथावत रखा जावे और यदि वर्तमान मे अतिक्रमण नही पाया जावे तो सिविल कारावास की सजा को निरस्त किया जावे।

निर्णय आज दिनांक 04/06/2015 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(बलदेवसिंह हाडा)
अतिरिक्त जिला कलेक्टर,
सवाईमाधोपुर